# III. प्रमुख परिचालन

## 1. खुदरा एवं डिजिटल बैंकिंग समूह

खुदरा एवं डिजिटल बैंकिंग समूह आपके बैंक का सबसे बड़ा व्यवसाय वर्टिकल है, जिसका हिस्सा 31 मार्च 2020 तक, कुल घरेलू जमाओं का 94.31% और कुल घरेलू अग्रिमों का 58.14% है । इस समूह में आठ कार्यनीतिक व्यवसाय इकाइयां शामिल हैं, जो व्यवसाय के साथ-साथ अन्य पहलों के लिए देश भर में सबसे बड़ा शाखा नेटवर्क चलाती हैं। आपका बैंक अपनी सभी शाखाओं में विनम्र और सुंदर परिधानों से शोभित स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ स्वच्छ और सुव्यवस्थित परिवेश के साथ एक मनभावन माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। ग्राहकों की विशेष रूप से युवा आबादी की, निरंतर बदलती प्राथमिकताओं और बढ़ती ग्राहक सुविधाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के चलते खुदरा बैंकिंग परिदृश्य बदल रहा है।

आपके बैंक का ग्राहक आधार देश भर में निरंतर बढ़ रहा है, जिससे जमा राशि जुटाने के साथ-साथ अनुकूलित ऋण प्रदान करने, दोनों मामलों में, खुदरा बैंकिंग आपके बैंक का सबसे महत्वपूर्ण खंड बन रहा है। आपका बैंक देश का सबसे बड़ा होम लोन प्रदाता है और शिक्षा ऋण का सबसे बड़ा संवितरणकर्ता है, जो समाज सेवा में उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएसबी लोन इन 59 मिनट पोर्टल के माध्यम से आपका बैंक अब होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन भी प्रदान कर रहा है।

आपका बैंक प्रौद्योगिकी-चालित नवोन्मेषों की एक सतत धारा के साथ डिजिटल बैंकिंग डोमेन में सबसे आगे बना हुआ है। इसमें एक मल्टी-चैनल डेलीवरी मॉडल है, जो अपने ग्राहकों को किसी भी समय और किसी भी स्थान पर इन लेनदेनों के संचालन में व्यापक विकल्प प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2020 में, आपके बैंक ने अपनी शाखाओं सहित विभिन्न चैनलों- डिजिटल, मोबाइल, एटीएम, इंटरनेट, सोशल मीडिया में अपने उत्पादों को बढ़ाया है।

खुदरा ग्राहकों के लिए अग्रणी (फ्लैगशिप) डिजिटल ऐप 'YONO' ने आज तक 46.4+ मिलियन डाउनलोड और लगभग 21+ मिलियन पंजीकरण के साथ कई मील के पत्थर पार किए हैं और 31+ उत्पादों के साथ "लाइफ स्टाइल एंड बैंकिंग" अनुभव तथा 5 जेवी भागीदारों की 40+ से अधिक सेवाएं, दोनों प्रदान करता है।




आपका बैंक सभी स्तरों पर वर्धित जोखिम जागरूकता का माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न जोखिमों को रोकने या कम करने के लिए साइबर सुरक्षा उपायों सहित उपयुक्त सुरक्षा उपायों का लगातार उन्नयन भी इसका उद्देश्य है। एटीएम से जुड़ी धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आपके बैंक ने ओटीपी आधारित एटीएम कैश आहरण सुविधा शुरू की है।

## क. वैयक्तिक बैंकिंग


### 1. आवास ऋण

माननीया केंद्रीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा बैंक को आवास ऋण श्रेणी में वर्ष के प्रतिष्ठित 'एफ़ई इंडियाज़ बेस्ट बैंक अवार्ड्स' से सम्मानित किया गया, और इस तरह आपके बैंक ने 'देश का सर्वश्रेष्ठ और सबसे बड़ा गृह ऋण प्रदाता' बनकर अपनी झोली में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बैंक ने 2018-19 के लिए 'सीएनबीसी 13वें रियल एस्टेट अवार्ड्स' में सर्वश्रेष्ठ गृह ऋण प्रदाता की ट्राफी भी जीती है। निस्संदेह, इन उपलब्धियों और सफलताओं के पीछे हमारे सभी हितधारकों का अमूल्य योगदान है।

गृह ऋण में, आपका बैंक सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बीच (31 मार्च 2020 को) 30.62% की बाज़ार हिस्सेदारी के साथ बाज़ार का अगुआ बना हुआ है। बैंक के कुल घरेलू अग्रिम में, इस समय गृह ऋण व्यवसाय की प्रभावी हिस्सेदारी 22.66% है।

कुल गृह ऋण पोर्टफ़ोलियो में किफ़ायती आवास खंड का हिस्सा 62.30% है, जबकि पीएसएल (प्राथमिकता क्षेत्र ऋण) की हिस्सेदारी 35.03% है। इसके अलावा, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पूरे साल लगातार मेहनत और प्रयास किए गए हैं, जिसके फलस्वरूप सकल एनपीए को रोका जा सका।

लैंडमार्क:




**पिछले कुछ वर्षों में आवास ऋण का पोर्टफ़ोलियो**

वर्ष 2019-20 वास्तव में देश भर में रियल एस्टेट के क्षेत्र में बाज़ार की बदलती भावनाओं के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए बैंक द्वारा शुरू किए गए कई नवाचारों और पहलों के साथ घटनाओं से भरा हुआ साल रहा है

(अप्रत्याशित कोविड-19 महामारी और राष्ट्रव्यापी संकट/सख्त लॉक-डाउन उपायों के चलते इसमें मार्च 2020 को शामिल नहीं किया गया है):

**रेपो दर से आवास ऋण को लिंक करना** - आवास ऋण के ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, आपके बैंक ने 01.07.2019 से आरबीआई की रेपो दर से आवास ऋण की ब्याज दरों को जोड़ने का निर्णय लिया, जिसने हमारे सभी हितधारकों के बीच सकारात्मक उम्मीदें पैदा की हैं। आपका बैंक ऐसा करने वाला पहला बैंक है। अब, एसबीआई नए ग्राहकों के साथ-साथ मौजूदा ग्राहकों के लिए ईबीएलआर (एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट) व्यवस्था के तहत रेपो दर से लिंक कर सभी आवास ऋण उत्पादों की पेशकश करता है।

**सीएनए के रूप में नियुक्ति** - वर्ष की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि आपका बैंक देश का एकमात्र ऐसा बैंक हो गया है, जिसे हमारे अपने उधारकर्ताओं के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सब्सिडी के तेज निपटारे के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सीएनए (केंद्रीय नोडल एजेंसी) का कार्यभार सौंपा गया है। अन्य सभी बैंकों के लिए, एनएचबी और हुडको ही सीएनए के रूप में कार्य करते हैं। सीएनए के रूप में, आपके बैंक ने वित्त वर्ष के दौरान 1,938 करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सब्सिडी राशि का भुगतान किया।

**टाई-अप** - वित्त वर्ष 2020 के दौरान बैंक ने इंडिया मॉर्टगेज गारंटी कारपोरेशन (आईएमजीसी) के साथ टाई-अप किया, यह राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), जेनवर्थ इंक इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन और एशियाई विकास बैंक का एक संयुक्त उद्यम है, जो कुछ ग्राहक खंडों द्वारा ऋण-अदायगी में चूक के खिलाफ बैंक को मॉर्टगेज डिफ़ॉल्ट गारंटी प्रदान करता है।

**डिजिटल यात्रा** - बैंक की डिजिटल यात्रा अनवरत रूप से जारी है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कई डिजिटल पहल शुरू करने में आपके बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योनो, बैंक की ऐसी ही एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जहाँ आक्रामक रूप से आवास ऋण की भी मार्केटिंग की जा रही है, और बड़े पैमाने पर व्यवसाय हासिल करने के लिए इसका फायदा उठाया जा रहा है। हमने बैंक के आधिकारिक फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि इंस्टाग्राम, लिंक्डइन की मदद से सोशल मीडिया पर आवास ऋण के लिए विभिन्न मार्केटिंग अवसरों का पता लगाया है। इसके अलावा, फ़ाइनेंशियल एग्रीगेटर और प्रॉपर्टी सर्च साइटों, सर्च इंजन, आदि के साथ करार कर डिजिटल मार्केटिंग में बड़ी पैठ बनाने की कोशिश की है।

**ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना** - वर्तमान समय में हम ग्राहकों की आवास ऋण यात्रा को आनंदपूर्ण बनाने के लिए उत्पादों/सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करके अपनी विभिन्न गतिविधियों में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर खासा ध्यान दे रहे हैं। हमने कुछ नई गतिविधियाँ शुरू की हैं, जैसे कि आवास ऋण के ग्राहकों के लिए सर्वसमाहित प्रोसेसिंग शुल्क लागू करना, हमारे सभी पैनलबद्ध अधिवक्ताओं, वैल्यूअरों, सत्यापन एजेंसियों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ने के लिए वेंडर सत्यापन मॉड्यूल विकसित करना, जिससे दस्तावेजों/रिपोर्टों के तेजी से सत्यापन में मदद मिलेगी, और इस प्रकार पहले से कम समय में सेवा मिल पाएगी और निर्धारित समय-सीमा का पालन करने, डोर-स्टेप डिलीवरी, अधिक एफ़ओएस, सीपीसी/शाखा को मजबूत बनाने आदि के उद्देश्य से ग्राहकों से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी।

आवास ऋण के बाज़ार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है, इसलिए हमारे सभी प्रयास स्थायी विकास पर जोर देते हुए एसबीआई को आवास ऋण के लिए 'ग्राहकों का सर्वप्रिय बैंक' बनाने की दिशा में निर्देशित हैं। आपके बैंक के पास आवास ऋण के 36 लाख प्रसन्न ग्राहक/खाते हैं, और हम हर दिन इसे बढ़ा रहे हैं।

## 2. ऑटो ऋण

आपका बैंक प्रतिस्पर्धी दरों पर ऑटो ऋण प्रदान कर और कार मालिकों को किफायती प्रस्ताव देकर अपने ग्राहकों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने में मदद कर रहा है। चालू वर्ष के दौरान जहां उद्योग की बिक्री 19% से अधिक गिर गई है, वहीं बैंक ने स्थिति पर काबू पाने के लिए विभिन्न पहल की है। अब वर्तमान और बैंक के नए (एनटीबी) ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पाद कई चैनलों जैसे कि शाखा, योनो, डीलर, सीएलपी आदि के माध्यम से सभी प्रकार के वाहनों को कवर करने के लिए उपलब्ध हैं। योनो कार ऋण में ग्राहकों को ब्याज दर में 0.25% रियायत देकर एक अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। इससे आपके बैंक को अपने ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाने में सहायता मिली है और जो मार्च 19 के ₹ 71,884 करोड़ की तुलना में मार्च 2020 को ₹ 72,662 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है। ऑटो लोन में सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एएससीबी) में आपके बैंक का बाजार अंश वित्त वर्ष 2019 के 35.55% की तुलना में 31 मार्च 2020 में 32.93% रहा।

## 3. शिक्षा ऋण

मानव पूंजी के सृजन के लिए शिक्षा प्रमुख शर्त है, क्योंकि यह कुशल और उत्पादक मानव संसाधनों को विकसित करने में मदद करता है। शिक्षा ऋण के अंतर्गत ₹10 लाख तक के ऋण को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का ऋण माना जाता है। आपके बैंक को मार्च 19 के 30.55% की तुलना में मार्च 20 में बाजार अंश में 34.72% सुधार के साथ देश का सबसे बड़ा शिक्षा ऋण प्रदाता होने पर गर्व है। वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 76,572 मेधावी छात्रों को ₹ 8,777 करोड़ आर्थिक सहायता प्रदान कर अपने सपनों को साकार करने में मदद की है। इसमें से 38% ऋण छात्राओं (मार्च 19 के 35% से अधिक) को प्रदान किए गए। शिक्षा ऋण के दायरे को व्यापक बनाने, गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय सुनिश्चित करने और ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि के लिए, आपके बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- स्कॉलरशीप ऋण योजना के अंतर्गत शिथिल मानदंडों और रियायती ब्याज दरों पर शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए शीर्ष प्रमुख और प्रतिष्ठित संस्थानों में से कुल 187 संस्थानों का चयन किया गया।
- विदेश में अध्ययन के लिए हमारे प्रमुख उत्पाद "ग्लोबल एड-वांटेज शिक्षा ऋण" के माध्यम से प्रवेश हेतु चुनिंदा शहरों में डोर-स्टेप सेवाएँ प्रदान कर सुधार किया गया था।
- ऋण आवेदनों की बेहतर ट्रैकिंग और ऋणों की शीघ्र मंजूरी देने के लिए, आपके बैंक के ऋण उत्पत्ति प्रणाली (एलओएस) को भारत सरकार के विद्या लक्ष्मी पोर्टल (वीएलपी) के साथ एकीकृत किया गया था।

## 4. वैयक्तिक ऋण

वैयक्तिक ऋण, प्रत्याभूत और अप्रत्याभूत दोनों आपके बैंक में सबसे लोकप्रिय उत्पादों में से हैं और आपका बैंक इस बाजार खंड में अग्रणी है। आपका बैंक वेतनभोगी वर्ग (सरकारी और निजी दोनों), पेंशनभोगियों और स्व-रोजगार/अन्य ग्राहकों की जरूरतों को आक्रामक रूप से पूरा कर रहा है। बैंक अब एसबीआई क्विक पर्सनल लोन (सीएलपी प्लेटफॉर्म) और एक्सप्रेस एलीट (ब्रांच चैनल) उत्पादों के माध्यम से अन्य बैंकों के वेतनभोगी ग्राहकों को ऋण दे रहा है। मार्च 2020 को वैयक्तिक ऋण पोर्टफोलियो 27.65% (₹ 42,491 करोड़) की वायटीडी वृद्धि के साथ 1,96,189 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस वृद्धि में अन्य उत्पादों के अलावा मूल रूप से प्रमुख उत्पाद एक्सप्रेस क्रेडिट (₹ 36,508 करोड़ - वायटीडी 34.80%) और पारंपरिक उत्पाद गोल्ड लोन (₹ 2,179 करोड़- वायटीडी 142%) का योगदान है। वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 20 लाख से अधिक ग्राहकों को ₹ 90,000 करोड़ का ऋण प्रदान किया है, जिससे बाजार अंश में लगभग 33% का सुधार हुआ है।

बैंक ने एसबीआई के आवास ऋण ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए होम लोन जैसे आयकर लाभ के साथ एक नया "रियल्टी गोल्ड लोन" उत्पाद प्रस्तुत किया है। वैयक्तिक ऋण उत्पादों को अब शाखाओं, ओसीपीएस (बैंक की वेबसाइट) और YONO जैसे कई चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है।

**ई-कॉमर्स खरीद के लिए उपभोक्ता वस्तु ऋण:**

- ऑनलाइन इएमआई: आपका बैंक वास्तविक समय आधार पर पहले से चयनित ग्राहकों को फ्लिपकार्ट और अमेजन पोर्टल्स से ₹1 लाख तक की ऑनलाइन शॉपिंग के लिए इएमआई आधारित ऋण प्रदान करता है।
- पीओएस इएमआई: एसबीआई डेबिट कार्ड धारकों के पहले से चयनित समूह को अनुमोदित दुकानों से उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए ₹1 लाख तक का इएमआई आधारित ऋण लेने का अधिकार है।
- 567676 पर SMS "DCEMI" भेजकर इएमआई ऋण पात्रता की जांच प्रारंभ की गई।

## 5. देयता और निवेश उत्पाद

आपके बैंक का कुल पी-डोमेस्टिक कासा जमा मार्च 19 के ₹ 9,16,442 करोड़ से बढ़कर मार्च 2020 तक ₹10,15,578 करोड़ हो गया है, जिसमें ₹99,136 करोड़ (10.82% वार्षिक) की वृद्धि दर्ज की गई है। मार्च 19 के 48.49% की तुलना में मार्च 2020 को पी-डोमेस्टिक पोर्टफोलियो के लिए कासा 48.28% पर है।

**डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं:**

आपके बैंक ने सभी ग्राहकों के लिए बैंकिंग को सरल बनाने के लिए देश भर में 50 केंद्रों पर संपर्क केंद्र और डोरस्टेप बैंकिंग एजेंटों के माध्यम से अपने खाते में जमा करने/स्वयं के खाते से निकाले गए नकदी की सुपुर्दगी, चेक बुक मांग पर्ची इकट्ठा करना, वसूली/समाशोधन के लिए चेक इकट्ठा करना और खाते के विवरण की सुपुर्दगी तथा मीयादी जमा सूचना की मूल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं शुरू की हैं। इन सेवाओं को शीघ्र ही 100 केंद्रो तक विस्तारित किया जाएगा और अगले वित्तीय वर्ष में इसमें और वृद्धि की जाएगी।

## 6. वेतन पैकेज के लिए कॉर्पोरेट और संस्थागत गठबंधन

आपके बैंक ने इस वर्ष केएएम (प्रमुख लेखा प्रबंधक) के माध्यम से कॉर्पोरेट, रक्षा, रेलवे और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए वेतन पैकेज खाते खोलने की दिशा में एक केंद्रित दृष्टिकोण रखा है, जो व्यक्तिगत सेवाओं के साथ डोरस्टेप खाता खोलने की सुविधा प्रदान करते हैं। मार्च 20 को कुल वेतन खाता ग्राहक आधार 154.22 लाख के स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान 5.44 लाख नए वेतन पैकेज ग्राहकों को जोड़ा गया था।

## 7. डिजिटल वैयक्तिक ऋण प्रस्ताव

उच्च लाभ मार्जिन के साथ पोर्टफोलियो वृद्धि के लिए कई प्लेटफार्मों पर उत्पादों की पेशकश करते समय, आपके बैंक ने ग्राहक के बैंकिंग की सरलता की सुविधा को ध्यान में रखा है और YONO के माध्यम से निम्नलिखित वेरिएंट्स की पेशकश की है,

i) पीएपीएल (पूर्व -अनुमोदित वैयक्तिक ऋण)

ii) पीएएक्ससी (पूर्व-अनुमोदित एक्सप्रेस क्रेडिट)

iii) पीएपीएनएल (पूर्व-अनुमोदित पेंशन ऋण)

iv) एक्सप्रेस क्रेडिट के लिए टॉप-अप इंस्टा क्रेडिट

v) पेंशन ऋण के लिए इंस्टा टॉप-अप

ग्राहक किसी मूर्त दस्तावेज और शाखा में गए बिना 24X7 आधार पर इस प्रस्ताव का लाभ उठा सकते हैं।

- 567676 पर SMS "PAPL" भेजकर पीपीएल ऋण पात्रता की जांच प्रारंभ की गई।
- बैंक सैद्धांतिक संस्वीकृति के साथ-साथ प्रस्तावों की सोर्सिंग के लिए YONO के साथ ही सीएलपी (भारत सरकार) प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहा है ।

## 8. एनआरआई व्यवसाय

31 मार्च 2020 तक आपके बैंक में लगभग 37 लाख एनआरआई ग्राहक थे, जिन्हें भारत में 83 एनआरआई समर्पित शाखाओं, 32 देशों में हमारे विदेशी कार्यालयों, प्रतिनिधि बैंकों के रूप में 227 ग्लोबल बैंकों और विप्रेषण की सुविधा के लिए 55 एक्सचेंज हाउसों तथा छह बैंकों (मध्य-पूर्व में) के साथ गठबंधन के माध्यम से पूरा किया जा रहा है।

एसबीआई 22.23% (जनवरी 2020 तक) की बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत के एनआरआई बैंकिंग स्पेस में अग्रणी भी है। एनआरआई डिपॉजिट बेस 22.03 अरब डॉलर (मार्च 2020 तक) है। दुनिया भर में फैले भारतवंशियों ने हमेशा हम पर अपार भरोसा जताया है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी एक चौथाई जमाएं हमारे पास हैं।

आपके बैंक ने अपने एनआरआई ग्राहकों के लाभ के लिए वित्त वर्ष 2020 में निम्नलिखित उत्पादों/सेवाओं को प्रारंभ किया है:

- (एनआरई खातों से) 10.00 लाख रुपए या समकक्ष की दैनिक सीमा के साथ पांच अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं जैसे USD, EUR, GBP, SGD और AUD में इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से 209 विदेशी गंतव्यों के लिए लगभग-वास्तविक समय जावक प्रेषण सुविधा।
- खाते में बेहतर नियंत्रण और सुरक्षा के लिए ग्राहक अपनी आईएनबी एक्सेस को लॉक और अनलॉक कर सकते हैं। इंटरनेट बैंकिंग के लिए ओटीपी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के अतिरिक्त पंजीकृत मेल आईडी के माध्यम से सुपुर्द किए जा सकते हैं।
- इंटरनेट बैंकिंग पर 5 साल की परिपक्वता के साथ वार्षिक 1.5 लाख रुपए तक एनआरआई (एनआरओ जमा) के लिए एसबीआई कर बचत योजना का उपयोग ग्राहक आयकर अधिनियम की धारा 80 सी के अंतर्गत कर लाभ प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।
- एफसीएनबी प्रीमियम जमा में न्यूनतम राशि घटाकर 10000 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है और एनआरई सुकून (चालू खाता) को घटाकर 3000 रुपए कर दिया गया है।
- एनआरआई फैमिली कार्ड में रिचार्ज सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है, जो दुनिया में कहीं से भी कभी भी भारत में एक बार अपने प्रियजनों को पैसे भेजने का सबसे आसान और सबसे तेज तरीका है ।

## 9. कीमती धातु

**सॉवरेन गोल्ड बांड:**

भारत सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान निवेशकों के लिए मूर्त सोने के बजाय डिजिटल सोने को बढ़ावा देने के इरादे से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम प्रारंभ की गई थी। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आपके बैंक ने एसजीबी के माध्यम से 647 किग्रा (243.91 करोड़ रुपए) जुटाए तथा आरंभ से अब तक 5,098 किग्रा (मूल्य ₹1561 करोड़) का कुल सोना जुटाया जा सका है।

**गोल्ड मुद्रीकरण योजना:**

भारत सरकार ने घरों और संस्थानों में निष्क्रिय पड़े सोने को जुटाने के उद्देश्य से वर्ष 2015-16 के दौरान गोल्ड मुद्रीकरण योजना (जीएमएस) आरंभ किया। आपका बैंक 2019-20 (चालू वर्ष) के दौरान 3,973 किलोग्राम की मात्रा में सोना जुटाकर कुल 13,212 किलोग्राम संचयी संग्रहण किया है।

**अन्य स्वर्ण व्यवसाय:**

आपका बैंक बुलियन बैंकिंग के क्षेत्र में एक प्राथमिक खिलाड़ी भी है। यह घरेलू और निर्यात उद्देश्यों के लिए सोने के गहनों के निर्माण में लगे स्वर्णकारों को धातु गोल्ड ऋण उपलब्ध कराता है। आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 22,255 किलोग्राम की सीमा तक स्वर्णकारों को धातु गोल्ड ऋण प्रदान किया है। आपका बैंक स्वर्णकारों /व्यापारियों को थोक में सोना बेचने के कार्य से भी जुड़ा है। वर्ष के दौरान आपके बैंक ने "सोने की बिक्री" योजना के तहत 2,522 किलोग्राम की बिक्री की है।

## 10. वेल्थ मैनेजमेंट बिज़नेस

इस साल एसबीआई वेल्थ ने अपने ग्राहकों के बीच ज़ोरदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रीमियम मार्केट खंड में गहरी पैठ बना ली है। आपके बैंक के वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस ने वित्त वर्ष के दौरान ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने एवं एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के मामले में बड़ी वृद्धि दर दर्ज की है। मार्च 2019 में हमारे ग्राहकों की संख्या 55,502 थी, जो मार्च 2020 में बढ़कर 132,354 हो गई और इसी अवधि के दौरान एयूएम की राशि ₹30,270 करोड़ से बढ़कर ₹109,061 करोड़ तक पहुंच गई।

आपके बैंक द्वारा वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस सर्विसेज में वर्ष के दौरान 19 नए केंद्र और 29 नए वेल्थ हब जोड़ते हुए अब कुल 63 केंद्रों पर 155 वेल्थ हब उपलब्ध हैं, जिसमें चार ई-वेल्थ सेंटर एवं एक ग्लोबल ई-वेल्थ सेंटर भी शामिल हैं। वेल्थ हब का प्रबंधन समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर्स और इन्वेस्टमेंट ऑफिसर्स की एक टीम द्वारा किया जाता है, जिन्हें उत्पादों एवं बाज़ारों की गहरी जानकारी होती है। वेल्थ हब में परिचालन भूमिकाओं के लिए वेल्थ सर्विस मैनेजर्स और कस्टमर रिलेशनशिप एग्जिक्युटिव्स भी नियुक्त किए गए हैं।

खुला निवेश मंच, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और जोखिम प्रोफाइलिंग के आधार पर सही बिक्री दृष्टिकोण के साथ यह अपनी सेवाओं और सुविधाओं में विशिष्टता हासिल कर बैंक के ग्राहकों को सबसे अच्छा अनुभव प्रदान कर रहा है। एसबीआई वेल्थ ने अधिक से अधिक वेल्थ ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने और उन्हें सेवा उपलब्ध कराने के लिए सभी वेल्थ हब, ई-वेल्थ केन्द्रों एवं ग्लोबल वेल्थ केंद्र में अधिक संख्या में संपर्क प्रबन्धकों की नियुक्ति की है। ई-वेल्थ केन्द्रों को अतिरिक्त समय के लिए खुला रखा जाता है और वॉइस एवं वीडियो के आधार पर लेनदेन की सुविधा से लैस किया गया है। ये सुविधाएं "एसबीआइ वेल्थ मोबाइल एप" सुविधा के अतिरिक्त हैं, जिसके माध्यम से ग्राहकों को सर्वोत्कृष्ट लेनदेन अनुभव कराया जाता है ।

आपके बैंक ने वर्तमान बाजार परिस्थितियों और निवेश के अवसरों पर प्रमुख शहरों में आकर्षक 'वार्षिक निवेश सम्मेलन' आयोजित किए, जिसे वित्तीय उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा संबोधित किया गया। इन सम्मेलनों में मौजूदा और संभावित एसबीआई वेल्थ ग्राहकों ने अच्छी संख्या में भाग लिया।

यह वर्ष ग्राहक संपर्क बढ़ाने और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने पर केंद्रित था। आपके बैंक ने 'वेल्थ ऑफ रिलेशनशिप्स' मनाने के लिए 14 जनवरी को 'एसबीआई वेल्थ डे' मनाने का फैसला किया है।.




## ख. एनी टाइम चैनल

| ग. दिनांक को | एटीएम | कियोस्क | एडीडब्ल्यूएम | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 31 मार्च 2016 | 42,733 | 1,231 | 5,760 | 49,724 |
| 31 मार्च 2017 | 42,222 | 986 | 6,980 | 50,188 |
| 31 मार्च 2018* | 51,616 | # | 7,925 | 59,541 |
| 31 मार्च 2019* | 50,757 | # | 7,658 | 58,415 |
| 31 मार्च 2020* | 45,279 | # | 13,270 | 58,555 |

# क्योिस्क बंद किए गए हैं और ये उपयोग में नहीं हैं। * विलय किया गया